https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/ambedkar-nagar/industrial-corridor-will-soon-take-shape-ambedkar-nagar-news-c-91-1-slko1002-116338-2024-06-08

# Ambedkar Nagar News: औद्योगिक कॉरिडोर जल्द लेगा आकार

**संवाद न्यूज एजेंसी, अम्बेडकरनगर** Updated Sat, 08 Jun 2024 11:36 PM IST



अकबरपुर नगर बाईपास का हो रहा निर्माण। - फोटो : संवाद

अंबेडकरनगर। औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना में तेजी लाने की तैयारी है। सोमवार से एक बार फिर इसके लिए किसानों की भूमि का बैनामा तेजी से शुरू होगा। प्रशासन ने इसके लिए संबंधित किसानों को प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। भूमि संबंधी जरूरत पूरी हो जाने के बाद यहां बुनियादी सुविधाओं के काम होंगे। इसके बाद अलग-अलग तरह के उद्योगों की स्थापना कराई जा सकेगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के नजदीक तहसील क्षेत्र अकबरपुर के बेवाना, खानजहांपुर व जगदीश मुस्लिम में औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण होना है। जिले की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना में शामिल इस औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण 230 हेक्टेयर भूमि पर होगा। इसमें से 22 हेक्टेयर भूमि सरकारी है जबकि 208 हेक्टेयर भूमि किसानों की है। 1100 से अधिक किसानों की भूमि इस निर्माण के लिए ली जानी है। अब तक 311 किसानों की साढ़े 85 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री लोकसभा चुनाव के पहले हो चुकी है। इसके लिए 132 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के चलते रजिस्ट्री का काम रुक गया था। अब जबकि आदर्श आचार संहिता समाप्त हो चुकी है। ऐसे में अब भूमि रजिस्ट्री में तेजी आएगी। इसके बाद औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना विधिवत हो सकेगी। तहसीलदार अकबरपुर बलवीर सिंह ने बताया कि सोमवार से फिर से बैनामा तेजी से शुरू कराने की तैयारी है। इसके लिए लेखपालों को नए सिरे से निर्देश दे दिए गए हैं।

**बाईपास निर्माण में आएगी तेजी**

अकबरपुर नगर में जाम की समस्या दूर करने के लिए अकबरपुर अयोध्या मार्ग पर ग्लोबल विजडम स्कूल के पास से 12.3 किमी लंबे बाईपास निर्माण का कार्य बीते दिनों शुरू हुआ था। 251 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले बाईपास निर्माण में मौजूदा समय में मिट्टी पटाई व पुलिया निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जून 2025 तक निर्माण पूरा होना है। चुनाव से पहले तेजी से निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन आदर्श आचार संहिता के चलते निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी हो गई। अब फिर से बाईपास निर्माण में तेजी लाने की तैयारी है।

**तेजी से होगा अत्याधुनिक लैब का निर्माण**

विभिन्न प्रकार की जांच के लिए बीते दिनों सीएचसी अकबरपुर, कटेहरी, जलालपुर, भीटी व टांडा में अत्याधुनिक लैब के निर्माण को मंजूरी स्वास्थ्य निदेशालय ने दी थी। लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अत्याधुनिक लैब का निर्माण सीएचसी अकबरपुर, भीटी, टांडा व जलालपुर में शुरू हो गया लेकिन आदर्श आचार संहिता लगने के चलते सीएचसी कटेहरी में अत्याधुनिक लैब का निर्माण प्रारंभ ही नहीं हो सका। सीएमओ कार्यालय के अनुसार अत्याधुनिक लैब का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है। अब इसकी स्थापना में तेजी लाई जाएगी, जिससे मरीजों को जल्द लाभ मिल सके।